प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.03.2025/प्रादेशिक समाचार/1500बजे

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में शुरू होने जा रहा है, जो 28 मार्च तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी। सत्र दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को वित्त वर्ष 2025–26 का बजट सदन में पेश करेंगे और 26 मार्च को बजट पारित किया जाएगा। बजट सत्र के लिए 9 सौ 63 सवाल सदस्यों से मिले हैं, जिनमें 7 सौ 37 तारांकित और 2 सौ 26 अतारांकित प्रश्न हैं। 22 व 27 मार्च के दिन गैर सरकारी कार्य सदस्य दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं।

....

सर्वदलीय बैठक

कल से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर शिमला स्थित विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज सर्वदलीय बैठक हुई। इस बैठक में विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक सुखराम चौधरी और सत्ता पक्ष की ओर से संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, उप–सचेतक केवल सिंह पठानिया मौजूद रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष दोनों से बजट सत्र को शांतिप्रिय ढंग से चलाने की अपील की। साथ ही अधिक से अधिक जनहित के मुद्दों को सदन में उठाने का आह्वान् किया।

....

विधायक दल बैठक

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक आज शाम शिमला में होगी। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में भाजपा के हिमाचल प्रभारी श्रीकांत शर्मा व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस विधायक दल कल सुबह विधानसभा सत्र को लेकर अपनी रणनीति तय करेगा।

....

वार्षिक परीक्षा

चंबा जिला की जनजातीय पांगी घाटी में अभी भी भारी बर्फ मौजूद है जिस कारण वार्षिक परीक्षाएं आयोजित करवाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाद्दाता।

स्वास्थ्य

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य के नए युग में प्रवेश कर चुका है और सरकार सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2014 में तीन सौ 80 थी जो 2024 में दोगुने से भी अधिक बढकर सात सौ 87 हो गई। उन्होंने कहा कि देशभर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स की संख्या भी छह से बढ़कर 22 हो गई है।

सुरक्षा व्यवस्था

बजट सत्र के लिए शिमला ज़िला प्रशासन ने विधानसभा परिसर के आसपास के क्षेत्र को 5 सैक्टरों में बांटा है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज हुई एक बैठक में बताया कि सत्र के दौरान कानून व्यवस्था पर पैनी नज़र रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि सत्र के लिए व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस विभाग द्वारा ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी सहित अन्य माध्यमों से निगरानी की जाएगी।